# दिनांक–10.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार द्वारा बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया के अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-10SBD/2025-26 दिनांक-16.03.2026 के अन्तर्गत "पूर्णिया जिलान्तर्गत बायसी प्रखण्ड में महानंदा नदी के किनारे अवस्थित मालापोरा तेलंगा, बंगरोरा यादव टोला, नर्सरी टोला पुरानागंज एवं चहट ग्राम में कटाव निरोधक कार्य (एजेण्डा सं0-244/15/2026)" से संबंधित निविदा अभिलेख, तुलनात्मक विवरणी एवं अन्य अभिलेख समर्पित किया गया है।

आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-10.04.2026 को सम्पन्न हुई।

1. **बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लिया:-**

   1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना
   2. ई0 वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना
   3. ई0 जय प्रकाश पासवान, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार
   4. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना

2. **तकनीकी बीड**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | पूर्णिया जिलान्तर्गत बायसी प्रखण्ड में महानंदा नदी के किनारे अवस्थित मालापोरा तेलंगा, बंगरोरा यादव टोला, नर्सरी टोला पुरानागंज एवं चहट ग्राम में कटाव निरोधक कार्य (एजेण्डा सं0-244/15/2026) |
| (ii) | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :- | रू0 374.660 लाख/विभागीय पत्रांक-1174 दिनांक-30.03.26 |
| (iii) | समाचार पत्र में प्रकाशन | :- | दैनिक जागरण (भागलपुर), दिनांक-21.03.2026 PR.-26693 (WRD) 2025-26 |
| (iv) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | 372.52128 लाख रूपये- |
| (v) | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :- | 02.04.2026 |
| (vi) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | :- | 15.05.2026 |
| (vii) | प्राप्त निविदाओं की संख्या | :- | 02 (दो) अदद् |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया |
| (ix) | निविदा प्रक्रिया | :- | ई-टेंडरिंग |
| (x) | एन0आई0टी0 सं0 | :- | 10SBD/2025-26 दिनांक-16.03.2026 (ग्रुप सं0-1) |

3. **समीक्षा:-**

दिनांक-09.04.2026 को सम्पन्न बैठक में विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् पायी गयी है:-

**(i) Surya Construction, Vill-Marketingyard, Om Nagar, Ward No-08, Po+Ps+Dist.-Araria, Bihar:-** इनके द्वारा समर्पित तकनीकी बीड में Existing Commitments and ongoing work से संबंधित सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित अभिलेख संलग्न नहीं है। Existing Commitments and ongoing work अंतर्गत वर्णित कार्यो का एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश की प्रति भी तकनीकी बीड में संलग्न नही है, जिसके कारण इनके वास्तविक बीड क्षमता की गणना संभव नहीं है। साथ ही, निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.5(A)(c) के अंतर्गत Minimum Quantities of work done के प्रमाण में संलग्न अभिलेख के अनुसार इनका Protection Work का कार्य अनुभव वांछित मात्रा (4363.00 घनमीटर) से कम है। अतः ये तकनीकी बीड मूल्यांकण हेतु वांछित सभी अहर्ताएँ पूरी नहीं करते है।

**(ii) Suvodh Kumar, Ward- 11, Bhimnagar, Supaul, Bihar:-** ये तकनीकी बीड की वांछित अर्हताएँ पूरी करते है।

तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा समीक्षोपरान्त वर्णित निविदा में सम्मिलित 02 अदद् निविदादाताओं में से 01 (एक) अदद् निविदादाता Suvodh Kumar, Ward- 11, Bhimnagar, Supaul, Bihar द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी करने के कारण तकनीकी बीड में सफल तथा शेष 01 (एक) अदद् निविदादाता Surya Construction, Vill-Marketingyard, Om Nagar, Ward No-08, Po+Ps+Dist.-Araria, Bihar द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूरी नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की गयी है।

उल्लेखनीय है कि विभागीय पत्रांक-884 दिनांक-16.03.2026 से निर्गत गो-अहेड द्वारा वित्तीय बोली (Financial Bid) एकल होने की स्थिति में पथ निर्माण विभाग के पत्रांक-3162(S) दिनांक-09.05.2016 के आलोक में एकल निविदा के निस्तार हेतु विभागीय अनुमोदन संसूचित है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार को तकनीकी बीड में सफल एकल निविदादाता Suvodh Kumar, Ward- 11, Bhimnagar, Supaul, Bihar से इस आशय की सहमति, "यदि उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे परिमाण विपत्र की दर/वार्तालापित दर पर कार्य करने के लिए सहमत होंगे" लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निदेशित किया गया।

10/04/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

10/4/26
(जय प्रकाश पासवान)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार

10/04/2020
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना

10/4
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक-बाढ़(मो0)सिं0नि0-99/2026- 1372 पटना, दिनांक- 10/04/2026

प्रतिलिपिः- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

10/4/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0 अंचल, पटना

पत्रांक-बाढ़(मो0)सिं0नि0-99/2026- 1372 पटना, दिनांक- 10/04/2026

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित

10/4/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0 अंचल, पटना